
# चिड़िया



चित्रांकनः शुभम लखेरा



एक चिड़िया तालाब में पानी पीने गई।



पानी पीते समय वह तालाब में गिर गई।



# तभी वहाँ एक बिल्ली आई।



चिड़िया ने बिल्ली से मदद माँगी।
बिल्ली ने कहा– "ठीक है, मगर
मैं तुम्हें खाऊँगी।"



चिड़िया ने कहा– "हाँ, खा लेना।" यह सुनकर बिल्ली ने चिड़िया को तालाब से बाहर निकाला।



बिल्ली बोली– “अब खा लूँ?”



चिड़िया ने कहा– ‘‘मुझे सूख जाने दो, फिर खाना।’’



बिल्ली इंतजार करते-करते सो गई।



चिड़िया सूखकर फुर्र से उड़ गई।

# चिड़िया

**एक चिड़िया तालाब में पानी पीने गई। पानी पीते समय वह तालाब में गिर गई। तभी वहाँ एक बिल्ली आई। चिड़िया ने बिल्ली से मदद माँगी। बिल्ली ने कहा- ''ठीक है, मगर मैं तुम्हें खाऊँगी।'' चिड़िया ने कहा- ''हाँ, खा लेना।'' यह सुनकर बिल्ली ने चिड़िया को तालाब से बाहर निकाला। बिल्ली बोली- ''अब खा लूँ?'' चिड़िया ने कहा- ''मुझे सूख जाने दो, फिर खाना।'' बिल्ली इंतजार करते-करते सो गई। चिड़िया सूखकर फुर्र से उड़ गई।**

**मुख्य शब्द- चिड़िया, बिल्ली, तालाब, पानी**

U5H2L4

**शिक्षकों के लिए सन्देश :** बिग बुक कहानी की एक बड़ी पुस्तक होती है, जिसके फॉन्ट और चित्र सामान्य पुस्तकों की तुलना में बड़े होते हैं। इसका उपयोग मुख्य रूप से शुरुआती कक्षाओं के बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि, प्रिंट चेतना और लिखित पाठ को सुनकर समझने की दक्षताओं को विकसित करने के लिए किया जाता है। शिक्षक बिग बुक के साथ अनेक प्रकार की रोचक गतिविधियाँ कर सकते हैं, जैसे- कहानी पढ़कर सुनाना, शीर्षक, चित्रों और कहानी से संबंधित अनुमान लगाना और समझ विकसित करना, साझा (साथ-साथ) पठन के अनुभव देना, लोगोग्राफिक पठन करना आदि। इसकी सहायता से बच्चों से विभिन्न प्रकार के प्रश्नों पर चर्चा की जा सकती है जैसे- वस्तुओं की गिनती, छोटे बड़े में अंतर, विभिन्न रंग, कहानी के घटनाक्रम से संबंधित बच्चों के अनुभव, चरित्रों का हाव-भाव एवं उनकी विशेषता, कहानी के शीर्षक एवं कहानी के बीच का संबंध इत्यादि।

बिग बुक पर व्यवस्थित रूप से किस प्रकार से कार्य किया जाना है, इसके बारे में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (सत्र 2022-2023) के अध्याय 'भाषा शिक्षण पर कार्य' एवं सप्ताह 1 से 8 के कालांश 3 की शिक्षण योजनाओं में विस्तार से चर्चा की गई है। आप इन शिक्षण योजनाओं को अवश्य पढ़ें जिससे सभी बच्चों में बुनियादी भाषा की दक्षताओं पर कार्य किया जा सके।



Copyright © Language and Learning Foundation
All rights reserved.

Designed by www.stelladesignandprint.com

उत्तर प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

मिशन प्रेरणा
उत्तर प्रदेश, प्रेरक प्रदेश

LLF
Language and Learning foundation
*Strong* Foundation, *Stronger* Future